## खबर संक्षेप

### प्रातः 8 बजे से सांय 6 बजे तक संचालित होगा पुस्तकालय

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि संभागीय मुख्यालय के जिला पुस्तकालय अब प्रातः 8 बजे से सांय 6 बजे तक संचालित किया जाएगा। पुस्तकालय के संचालन हेतु डियूटी कर रहे भृत्य रामकुमार बैगा की प्रातः 08:00 बजे से 02:00 बजे तक एवं चन्द्रविजय सिंह की डियूटी दोपहर 12:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक प्रतिदिन के लिए लगाई जाती है। उक्त दोनो कर्मचारी पुस्तकालय में आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं पाठकों का पंजी में विधिवत नाम, आने-जाने का समय एवं हस्ताक्षर कराने का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। शेष पुस्तकालय के अन्य कर्मचारी शासकीय कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे।

### यार्ड के पास मालगाड़ी के डिब्बे पलटे



**शहडोल।** गुरुवार की सुबह मालगाड़ी के चार डिब्बे शहडोल स्टेशन से लगे यार्ड पर पलट गये हैं। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है, जानकारी लगते ही मौके पर रेलवे के अधिकारी पहुंच गये, डिब्बे पलटने से रेलवे को नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार एक मालगाड़ी सूरजपुर छत्तीसगढ़ से कोयला लोड़ कर राजस्थान जा रही थी। कोयले से भरी मालगाड़ी जैसे ही शहडोल स्टेशन से लगे यार्ड पर पहुंची तो उसके चार डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गये। यह दुर्घटना सुबह 6 .40 बजे की बताई गई है। जैसे ही मालगाडी के डिब्बे पलटे उसके पश्चात ही रेलवे का सायरन कई बार बजा। जिस कारण आधे शहर के लोग यह सोचने पर मजबूर हो गये कि कहीं कुछ अनहोनी हो गई है।

### आज मनाया जायेगा बाबा गुल मोहम्मद साह का सालाना उर्स

**धनपुरी।** नगर के अंदर हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद इंसान अली साह रहमतुल्लाह अल रसूल व हजरत बाबा गुल मोहम्मद शाह का सालाना उर्स 28 जून को चीप हाउस रोड स्थित डोंगरिया में मनाया जाएगा और उर्स को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है, इस संबंध में जानकारी देते हुए रज्जाक अली ने बताया कि 28 जून को बाद असर चादरपोशी होगी और इसके बाद नातिया कव्वाली का प्रोग्राम रात्रि 8 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि उर्स के आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है और कमेटी के सभी सदस्य आयोजन को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं।

---

## बुढार साइडिंग से आए दिन इसी तरह होती है कोयले की अवैध निकासी

# बुढार साइडिंग से 12 टन कोयला लेकर निकली गाड़ी, पुलिस ने किया हाथ खड़े



**बूम बैरियर पर तैनात कर्मचारियों को किया निलंबित**

अमलाई थाना अंतर्गत बुढार कोल साइडिंग से लगभग 12 टन कोयला लेकर निकली गाड़ी को बंटवारे के विवाद के बाद सुर्खियों में ला दिया, कोल प्रबंधन ने बूम बैरियर के कर्मचारियों को निलंबित कर दिया और बिना इटीपी के कोयला लेकर ट्रेलर 24 घंटे खड़े रहने के बाद वापस बुला लिया गया, इस मामले में अमलाई पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है।

**अवैध खनिज को जप्त करने में पुलिस के छूटे पसीने**

**अमलाई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के सोहागपुर एरिया अंतर्गत बुढार ग्रुप के द्वारा संचालित बुढार साइडिंग से कोयले की अवैध निकासी और बिक्री की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, 24 जून को 12 टन कोयला लेकर एक ट्रेलर सेटिंग से जब बाहर निकाला तो उसे वहीं के कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों ने रोक लिया, बताया गया कि इस तरह कोयले की अवैध निकासी साइडिंग से लंबे समय से हो रही है, लेकिन 24 जून को आपसी बंटवारे के कारण हुए विवाद के बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया, कोल प्रबंधन ने इस पूरे मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए बुढार सेटिंग के बूम बैरियर पर तैनात जनरल मजदूर को निलंबित कर दिया और मामले की जांच बैठा दी। लगभग 12 टन कोयला ट्रेलर में लग रहा और यह ट्रेलर आलमगंज के समीप मुख्य मार्ग पर खड़ा था , इस मामले की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा लिखित में अमलाई थाने से दी गई, अमलाई पुलिस मौके पर भी गई, लेकिन बिना किसी वैध दस्तावेजों के ट्रेलर में लदे 12 टन कोयले को वह ना तो जप्त कर पाई और न हीं इस मामले को जांच में लेने के लिए वहां को थाने तक ला पाई। बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने कितनी लापरवाही बरती, जितनी लापरवाही एनएच 43 पर हुए जाम के दौरान बरती गई थी, इसी बीच कोल प्रबंधन ने मामले को दबाने के फेर में समिति गठित की और फिर कोल साइडिंग से बाहर निकले लगभग 12 टन कोयले को वापस कोल साइडिंग में गिरवा कर मामले को बंद कर दिया, वहीं जिस ट्रांसपोर्ट की गाड़ी थी, उसे वार्निंग देकर छोड़ दिया गया है।



### बिना दस्तावेजों के था 12 टन कोयला

अमलाई पुलिस को इस मामले में जो शिकायत दी गई, उसमें यह बताया गया कि हरजीत कोल कंपनी कोरबा का ट्रेलर क्रमांक सीजी 11,3288, 24 जून की शाम करीब 3:17 पर बुढार सायडिंग के समीप स्थित कांटा घर पहुंचा था, कांटाघर में वजन करने के बाद यहां बैठे कर्मचारियों ने दस्तावेजों की जांच की और फिर उसे कोल सायडिंग भेज दिया गया, कांटा घर में वहां अंदर से खाली होने के बाद दोबारा पहुंचता है और उसे यहां खाली होने की पुष्टि हो जाने के बाद आगे निकल जाता है। 25 जून की सुबह करीब 3:45 पर ट्रेलर कोल सायडिंग से बाहर निकलता है, लेकिन इस दौरान कुछ कर्मचारी और अन्य लोग वहां पहुंचते हैं, यह आरोप लगाया जाता आता है कि ट्रेलर में कई टन कोयला अभी लोड है, जिसे बाहर बेचा जाता है। आनन-फानन में कोल सायडिंग के अधिकारियों की नींद खुलती है, जांच की जाती है और ट्रेलर में लगभग 12 टन कोयला मिलने के बाद उसे वहीं खड़ा कर दिया जाता है, इस दौरान बम बैरियल पर तैनात कर्मचारी राजीव लोचन द्विवेदी को इस लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया जाता है और तीन सदस्य टीम को जांच सौंपी जाती है। कोल प्रबंधन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि यह महज एक लापरवाही थी, ट्रेलर में लगभग 30 टन के आस-पास कोयला सायडिंग में पहुंचा था और चालक के लापरवाही के कारण बड़ी मात्रा में कोयला उसी में रह गया , बूम बैरियर के कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि गाड़ी बाहर निकलते समय ऊपर लगे कैमरे के माध्यम से वहां की जांच करें, लेकिन उसने इसमें लापरवाही बरती थी, जिस कारण उस पर कार्यवाही की गई।

### अमलाई पुलिस की सस्ती नजर आई

बुढार कोल सायडिंग के साथ ही सोहागपुर एरिया की रामपुर बटुरा और अन्य खदानों से कोयले की अवैध निकासी और उसकी बिक्री की खबरें समय-समय पर सामने आती रहती हैं, इस मामले में पूर्व में भी शिकायतों के बाद कार्यवाही हुई है, अमलाई पुलिस को बुढार साइडिंग से लगभग 12 टन कोयला चोरी छुपे ले जाने की शिकायत लिखित रूप में प्राप्त हुई थी, जिस समय पुलिस को यह शिकायत मिली थी लगभग 12 टन कोयले से लोड वाहन इस स्थान पर खड़ा था, जहां अवैध कोयला और लोहा खनन के दौरान बीते वर्ष सात लोगों की मौत हुई थी, अमलाई पुलिस जब मौके पर पहुंची तो, वहां में कोई भी नहीं था। अलबत्ता कोयला अवश्य लोड था, पुलिस ने कोल परिक्षेत्र से बाहर खड़े वाहन में लगभग 12 टन कोयले के दस्तावेजों को नहीं खंगाल पाये, उल्टे इन सबके लिए पुलिस कोल कर्मचारियों पर ही आश्रित रह गई, यह बताया गया की कोल प्रबंधन के कर्मचारियों ने अमलाई पुलिस से इस मामले में मिले पत्र के बाद पत्राचार भी किया, जिसमें उन्होंने यह माना कि लगभग 12 टन कोयला लापरवाही से बाहर चला गया था, जिसे वापस लाने के लिए कोल प्रबंधन अपनी विभागीय प्रक्रिया कर रही है, लेकिन कोयला परिवहन के लिए खनिज विभाग द्वारा संचालित ई-खनिज पोर्टल से जारी की गई एटीपी का समय समाप्त हो चुका था और नियम की माने तो अगले दूसरे और तीसरे दिन जब वहां कोल परिक्षेत्र से बाहर वाहन खड़ा था, उसी दौरान उसमें 12 टन कोयला पूरी तरह से बिना दस्तावेजों के और अवैध रूप अवैध था, बावजूद इसके अमलाई पुलिस ने इस कोल प्रबंधन का व्यक्तिगत विभागीय मामला बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

### हरजीत कोल कंपनी का कारनामा

छत्तीसगढ़ के कोरबा से संचालित होने वाली हर जीत कोल कंपनी को सोहागपुर एरिया के रामपुर बटुरा खुली खदान प्रोजेक्ट से कोयले की लिफ्टिंग का काम आवंटित हुआ है, कोल प्रबंधन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि हरजीत कोल कंपनी रामपुर बटुरा से कोयले का परिवहन कर अमलाई थाना अंतर्गत बुढार कोल सायडिंग जो कोल परिक्षेत्र के अंतर्गत आता है, यहां के रखरखाव की जिम्मेदारी कोल प्रबंधन की है और यह कोल इंडिया की सायडिंग मानी जाती है, हरजीत कोल कंपनी के चालक और अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगे हैं कि उनके द्वारा यहां कोल सायडिंग से अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ सांठ-गांठ कर बड़ी मात्रा में आए दिन कोयले की अवैध निकासी कर बाहर विक्रय किया जाता है, घटना के दिन जब इस मामले ने तूल पकड़ा तो, मामला थाने तक भी पहुंचा , लेकिन हरजीत कोल कंपनी के संबंधों के चलते पुलिस प्रबंधन जहां बैक फुट पर नजर आया, वहीं बदनामी के डर से सोहागपुर एरिया के कर्मचारियों ने भी इस मामले में जांच बैठा कर उसे दबाने का प्रयास किया।

---

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों को सश्रम कारावास

**शहडोल।** माननीय न्यायालय श्रीमती प्रीति साल्वे, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने थाना सोहागपुर के धारा 294, 323/34, 325, 506, 427 , 457, 506 भादवि में आरोपी सोनू बर्मन पिता बाबूलाल बर्मन उम्र 32 वर्ष, बाबूलाल बर्मन पिता स्व. सुकरू बर्मन उम्र 55, महेश बर्मन पिता स्व. सुकरू बर्मन उम्र 57 वर्ष एवं सीताशरण बर्मन पिता सुखलाल बर्मन उम्र 52 वर्ष सभी निवासी ग्राम पोस्टब नवलपुर थाना तहसील सोहागपुर में निर्णय पारित करते हुए समस्तह आरोपियों को धारा 427 भादवि में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 अर्थदण्ड, धारा 457 भादवि में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 अर्थदण्ड, धारा 325/34 भादवि में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शैलेन्द्र परस्ते सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन की ओर से माननीय न्यायालय समक्ष मौखिक अंतिम तर्क प्रस्तुत किए गए। जिससे सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपीगणों को वर्धित दण्ड से दंण्डित किया।

### यह है मामला

अभियोजन अधिकारी शैलेन्द्र परस्ते एडीपीओ के बताए अनुसार सहायक मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि फरियादी रमेश नापित पिता स्व. रामरतन नापित उम्र 45 वर्ष ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गांव-गावं में जाकर दाढी बाल बनाने का काम करता है। 23 मार्च 2016 को रात को करीब 09:30 बजे वह अपने घर के दरवाजे के सामने अपने भांजे के साथ बैठा था, उसी समय गांव का सोनू बर्मन आया और पूछा तुम्हारा छोटा लडका जीतराम कहां है। मैनें कहा सो गया है, सुबह आकर बात कर लेना। तभी आरोपी सोनू बर्मन गाली देते हुए कुछ दूर गया और बाबूलाल बर्मन, सीताशरण बर्मन और महेश बर्मन को बुलाकर लाया, उन लोगों ने डण्डा रखा था। वे सभी आकर गाली देते हुए घर का दरवाजा तोड दिए और दुकान में रखी कुर्सी और कांच तोड दिए और अंदर घुसकर डण्डे से मारने लगे। उसका भंजा बीच बचाव किया जो आरोपियों ने उसके सिर में डण्डा से मार दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। हल्ला गोहार किया तब उसकी पत्नि बच्चे बीच बचाव करने आए और आरोपीगण बोलकर गए कि जान से खत्म कर देंगे। उक्त सूचना के आधार पर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्याायालय में प्रस्तुत किए गए।

---

# स्कूलों में बच्चों का कराएं शत प्रतिशत प्रवेश, ऑगननबाड़ी केंद्रों का भी रखें ध्यानः कमिश्नर

### सोशल मीडिया, समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर करें कार्यवाही



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग के सभी विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चों प्रवेश के लिए वंचित न रहे तथा मैदानी अधिकारी, कर्मचारी ग्रामों का भ्रमण कर विद्यालय न जाने वाले बच्चों एवं अभिभावकों से चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए। कमिश्नर ने कहा कि विद्यालयों के साथ-साथ शहडोल संभाग के ऑगनवाड़ी केंद्रों में भी विशेष ध्यान देकर बच्चों की उपस्थिति बेहतर रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए तथा ऑगनवाड़ी केंद्रों में प्रदाय की जा रही सुविधाओं की भी अधिकारी मॉनिटरिंग करें।

कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए, खबर सही होने पर समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करे, सोशल मीडिया एवं समाचार पत्र एक सूचना का माध्यम है। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की करते हुए कहा कि जल प्रदाय के संबंध में लोंगो की काफी शिकायतें प्राप्त होती है।

श्री जामोद ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं तथा बरसात को दृष्टिगत रखते हुए क्लोरीन की दवाओं का भी छिडक़ाव कराना सुनिश्चित करें जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि खराब हैंडपंपों को भी सुधारना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में शत-प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। कमिश्नर ने शहडोल संभाग में बनाए गए गौशालाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

कमिश्नर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनूपपुर जिले के तहसील पुष्पराजगढ के अंतर्गत किरण घाट में किये जा रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए यदि संभव हो सकें तो मार्ग परिवर्तित कर दिया जाए तथा किरण घाट के प्रारंभ और अंतिम में पुलिस बल का सहयोग लेते हु बैरिकेडिंग भी लगाया जाए। कमिश्नर ने डब्ल्यूआरडी विभाग के अधिकारी को निर्देष दिए कि हिरवार माइक्रो परियोजना का कार्य शीघ्रता के साथ जुलाई माह के अंतिम तिथि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग के समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय ने बताया कि 22 जुलाई से 26 जुलाई तक दिव्यांग शिविर आयोजित कर सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में समय-समय पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सडक़ के किनारे कचड़े न फेंके, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि लोग कचडे को कचड़ा गाड़ी, डस्टबिन में भी डाले यह सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि संभाग में पर्याप्त उर्वरक,बीज उपलब्ध रहें यह सुनिश्चित किया जाए।

---

# प्रशासनिक अव्यवस्थाओं की खबर लेंगे कमिश्नर



**राजस्व न्यायालयों की विसंगतियां दूर करने के आश्वासन**

**शहडोल।** संभाग की प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधारों के साथ नई सुबह होने के आसार नजर आने लगे हैं। गत दिवस संभागायुक्त ने राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई को गतिशील करने, वर्षों से एक ही जगह जमें प्रवाचकों के तबादले, जनसुविधाओं के लिए एयरपोर्ट सुविधा, तालाबों का संरक्षण आदि जैसे कई जरूरी विन्दुओं पर सकारात्मक कदम उठाए जाने हेतु दिशा निर्देश देने का आश्वासन दिया है। ज्ञातव्य है कि इस संबंध में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आयुक्त बीएस जामोद से सौजन्य भेंट कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया था। प्रतिनिधि मण्डल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पद्म खेमका शामिल थे।

### न्यायालयों के रीडर बदले जाएं

प्रतिनिधिमण्डल ने राजस्व न्यायालयों की स्थिति पर चिंता जताते हुए आयुक्त से चर्चा में कहा कि शहडोल संभाग के तहसील एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट न्यायालय एसडीएम कोर्ट में 3 वर्ष से अधिक समय से एक ही न्यायालय में लगातार पदस्थ प्रवाचकों (रीडरों) का अविलम्ब तबादला किया जाए। क्योंकि निष्पक्ष तथा पारदर्शी न्याय व्यवस्था के लिए यह आवश्यक है। पीठासीन अधिकारी के बदलने के साथ ही प्रवाचक भी बदले जाने चाहिए। प्रतिनिधिमण्डल ने आयुक्त से चर्चा के दौरान बतौर उदाहरण बताया कि सोहागपुर एसडीएम कोर्ट में 8 वर्षों से अधिक समय से वीरेन्द्र वर्मा रीडर के पद पर पदस्थ है। लेकिन उसका स्थानांतरण नही किया जाता है।

### पटवारियों का फेर बदल हो

जिला मुख्यालय के आसपास कई ऐसे हल्के हैं जहां पटवारी 3 वर्षों से भी अधिक समय से पदस्थ हैं। लम्बे समय तक एक ही हल्के में जमे रहने से राजस्व कार्रवाइयों में सुस्ती आने के साथ ही काश्तकारों की समस्याएं भी बढ़ती हैं। ऐसे पटवारियों का तत्काल स्थानांतरण कर राजस्व व्यवस्था को प्रभावी ढंग से गतिशील बनाया जाए और हल्का क्षेत्र में अनुशासन कायम किया जाए। पीड़ित काश्तकारों को फौरी तौर पर न्याय दिलाया जा सके।

### एयरपोर्ट हेतु भूमि अधिग्रहण आवश्यक

प्रतिनिधिमण्डल ने आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जिले में प्रस्तावित एयरपोर्ट निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा 74 एकड़ भूमि अधिग्रहीत किया जाना है। इस हेतु राज्य शासन को उचित प्रस्ताव अनुसार अधिग्रहण संबंधी राशि शीघ्र स्वीकृत कराई जाए और हवाई अड्डा निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ कराया जाए। हवाईसेवा शुरू होने से संभाग के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा और लोगों की आवाजाही सुविधा का विस्तार होगा। इलाज की आवश्यकता के समय पीड़ित को शीघ्रता से महानगरों की अस्पतालों तक पहुंचाया जा सकता है।

### मेडिकल कालेज की सुविधाएं बढ़ेगीं

आयुक्त श्री जामोद ने चर्चा के दौरान कहा कि मेडिकल कालेज की सुविधाओं को भी विस्तारित किया जाएगा। उपचार संबंधी जरूरी मशीनों, उपकरणों की व्यवस्था एवं ब्लड बैंक की स्थापना के लिए प्रयास किए जांएगे। मेडिकल कालेज में किसी भी तरह की उपचार व्यवस्था में कमीं नहीं हो इससे रोगियों के उपचार में भरपूर मदद मिलेगी। मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक का होना बहुत ही आवश्यक है। वर्तमान में यह आवश्यकता जिला अस्पताल से पूरी की जाती है।

### विकास के लिए हर प्रयास होंगे

आयुक्त बीएस जामोद ने प्रतिनिधिमण्डल से चर्चा के पश्चात सुधारों के लिए ठोस आश्वासन देते हुए कहा कि संभाग के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। राजस्व न्यायालयों की न्यायिक व्यवस्था पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाई जाएगी। वर्षों से जमे प्रवाचकों का स्थल परिवर्तन करने जरूरी निर्देश दिए जाएंगे। एयरपोर्ट निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर प्रभावी पहल की जाएगी।

### सक्रियता के लिए सराहना की

प्रतिनिधिमण्डल की ओर से एडवोकेट चंद्रेश द्विवेदी, पद्म खेमका और कैलाश तिवारी ने आयुक्त श्री जामोद की प्रगतिशील कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पदभार ग्रहण करने के पश्चात ही आपके द्वारा संभाग के तीनो जिलों के ग्रामीण अंचलों में प्रवास करके आम जन की मौलिक समस्याओं को न केवल जानने का प्रयास किया गया है बल्कि समस्याओं के निदान हेतु प्रभावी पहल की गई है। आपकी सक्रियता एवं आमजन को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपके सक्रिय प्रयासों का हम हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

---

# 1 तहसीलदार, 2 नायब तहसीलदार को नोटिस

### कलेक्टर ने तीन पटवारियों को किया निलंबित

**शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के उदासीनता बरतने पर जिले के एक तहसीलदार, दो नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है।**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में तहसीलदार गोहपारू लक्ष्मण पटेल एवं प्रभारी नायब तहसीलदार ब्यौहारी शिवकुमार सिंह, नायब तहसीलदार गोहपारू रामकिशोर पदमाकर को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि राजस्व प्रकरण अंतर्गत जिले में नक्शा तरमीम कार्य की प्रगति समय ई-केवायसी एवं पीएम किसान योजना से संबंधित कार्य कराये जाने के उद्देश्य से विशेष राजस्व अभियान 01 मई 2024 से 25 मई 2024 तक प्रचलित था। उक्त कार्य में गंभीर उदासीनता बरतने के कारण तीनों राजस्व अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा है कि लगातार निर्देशों के बावजूद भी नक्शा तरमीम की प्रगति संतोषजनक नही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा अपने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई है। आपका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के निपयम 3 में वर्णित प्रावधानों के प्रतिकूल है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने जारी कारण बताओं नोटिस में कहा है कि पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर आप अपना जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जवाब सन्तोषजनक न होने की दशा में आपके विरुद्ध म.प्र., सिविल सेवा (वर्गीकरणं, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। वही कलेक्टर ने जिले के ब्यौहारी तहसील के पटवारी रामदिन सिंह, पटवारी गोहपारू गजराज सिंह एवं पटवारी सुश्री प्रिया पटेल को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियो के दिये निर्देशो की अवहेलना करने पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधनों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अपर मुख्य सचिव ने सीईओ जिला पंचायत को दी शुभकामनाएं



**उमरिया।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की ग्रेडिंग व्यवस्था में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह द्वारा जिले में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष रूचि प्रदर्शित करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया गया है। उनके कुशल नेतृत्व में जिला पंचायत उमरिया ने 31 मार्च 2024 की स्थिति में विभिन्न योजनाओं में विशेष उपलब्धि के साथ 05 अंकों में से 4.25 औसत अंक (ए) अर्जित कर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है, जो सराहनीय है। अपर मुख्य सचिव ने विभाग की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी आप इसी परिश्रम एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करते रहेंगे।

### नवांकुर संस्था झाल की सेक्टर बैठक चंसूरा में हुई संपन्न



**मानपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड के सेक्टर इंदवार की सेक्टर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मानपुर विकासखंड समन्वयक महेंद्र सिंह तराम के द्वारा बैठक में सहभागिता की गई साथ ही बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव सहित सदस्यों को परिषद के आगामी कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, जल संवर्धन, हरियाली महोत्सव, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की रुपरेखा तैयार कर कार्य करने के विषय में जानकारी प्रदान की गई, नवांकुर संस्था झाल के प्रतिनिधी कृष्णा चतुर्वेदी द्वारा परिषद् के उद्देश्य, समाज में कैसे कार्य करे इस संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। बैठक सह प्रशिक्षण में चनसुरा ग्राम पंचायत सरपंच माधव कोल, सचिव , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चनसुरा अध्यक्ष हेमंत सिंह, सचिव अखिलेश तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चंदवार के सचिव राजेंद्र तिवारी , बहंगवां अध्यक्ष, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, एमएसडब्ल्यू छात्र धीरज तिवारी साहित समिति के कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।

### जन जातीय कार्य मंत्री ने किया वन चेतना केंद्र का निरीक्षण



**उमरिया।** प्रदेश शासन के जन जातीय कार्य विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुर्नवास मंत्री डा कुंवर विजय शाह ने वन चेतना केंद्र का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने व्यवस्थाओ के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओ मे सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतना केंद्र का विस्तार कर मध्यम वर्गीय परिवार को और ट्राईबल क्षेत्र के लोगों को टाइगर रिजर्व में कम बजट में सुविधा देने की बात कही। जन जातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि 1 नवंबर को मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष स्थापना दिवस 1 नवंबर से 7 नवंबर तक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में व्यापार मेला लगाया जाए। जो बांधवगढ़ व्यापार मेला के नाम से प्रसिद्ध होगा। जिससे कि पर्यटक एक दिन की जगह तीन दिन और अधिक रुकेगे और आदिवासी कल्चर के बारे में जानेंगे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व पी के वर्मा , वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, उपायुक्त जन जातीय विभाग श्रीमती उषा सिंह, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ठोका डेढ़ करोड़ का जुर्माना, आस्था को ठेस, बढ़ा जनाक्रोश

# मंदिर सेवा समिति का अध्यक्ष अवैध उत्खनन में लिप्त

**उमरिया।** धन दौलत कमाने और कारोबार बढ़ाने के लिए लोग कैसे कैसे हथकण्डे अपनाते हैं, इसका एक उदाहरण बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासनी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल हैं। जिन्होने अपनी तिजोरी भरने के लिए जैसे तैसे समिति का अध्यक्ष पद हासिल कर लिया और फिर मंदिर के नाम का दुरुपयोग कर उत्खनन कार्यों में लिप्त हो गए। कटनी जिले के समीप इनके द्वारा मुरुम चोरी कराई गई, जिस पर कटनी कलेक्टर ने सुनवाई उपरांत इन पर अन्य लोगों सहित 1 करोड़ 56 लाख का जुर्माना ठोका है। ज्ञातव्य है कि यह मामला प्रकाश में आते ही चारो ओर हलचल सी मच गई और माता रानी मंदिर से जुड़े भक्तों में आक्रोश पनपने लगा। समिति के अध्यक्ष ने अपना उल्लू सीधा करने जनमानस की आस्था को करारी ठेस पहुंचाई है। इस संबंध में सोशल मीडिया में भी आक्रोश भरी टिप्पणियां दिखाई पड़ रही हैं।




### यह था मामला

अवैध उत्खनन में लिप्त संदीप अग्रवाल द्वारा किसी निर्माण कार्य के लिए कटनी जिले के 2 अलग-अलग क्षेत्रों में 10 हजार 422 घनमीटर मुरुम गौण खनिज का अवैध उत्खनन व परिवहन कराया था। जानकारी लगने पर कटनी खनिज विभाग ने मौके पर दबिश डाल कर दो पोकलेन मशीन, पांच हाइवा वाहन पकड़े थे। इसका प्रकरण बनाकर खनिज विभाग द्वारा कटनी कलेक्टर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 12 लोगों पर 5,21,100 रुपये का 15 गुना जोडकर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही पर्यावरण क्षतिपूर्ति को मिलाकर कुल 1 करोड़ 56 लाख 33 हजार भरने के आदेश जारी किए हैं।



### इन स्थलों पर कार्रवाई

जानकारी के अनुसार अवैध उत्खनन में संलिप्त सातों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा के बीच थाना परिसर में ही खड़ा करने के निर्देश जारी किए हैं। खनिज अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि झरेला ग्राम के खसरा नंबर 78, 79 में खननकर्ताओं द्वारा बीस फीट की खाई बनाते




हुए 4442 घनमीटर मुरुम उत्खनन और परिवहन किया गया था। ऐसा ही एक प्रकरण बिलहरी सर्किल के पौड़ी में औचक निरीक्षण दौरान शासकीय भूमि के खसरा संख्या 5.64 में उत्खनन करते एक पोकलेन मशीन सहित तीन हाइवा मिले थे। जिन्होंने बिना अनुमति लिए 5980 घनमीटर खनन कर डाला था। दोनों ही प्रकरण पर जांच पूरी करते हुए उसे कलेक्टर अवि प्रसाद की न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 50 रुपए प्रति घनमीटर के हिसाब से 10 हजार 422 घनमीटर पर 5 लाख 21 हजार 100 रुपए का जुर्माना लगाया है।

### इन पर दर्ज हुआ मामला

जानकारी के मुताबिक झरेला में हुए अवैध उत्खनन मामले पर सात लोग जिसमें मेसर्स झांझरिया लिमिटेड कंपनी और पोकलेन मशीन मालिक संदीप अग्रवाल, हाईवा मालिक बिट्टू बघेल, चालक शिवप्रसाद, उदय नायक, मनोज लोधी को आरोपी बनाया है। इसके साथ ही पौड़ी ग्राम में खनन करने पर मेसर्स एसकेआई रेलरोड लिमिटेड कंपनी संचालक, वाहन मालिक, चालक सहित पांच लोगों को नोटिस जारी किया गया है। ज्ञातव्य है कि कटनी प्रशासन की चुस्ती और तत्परता ने अवैध उत्खननकर्ताओं को जमीन दिखा दिया है, अगर यही उमरिया जिला प्रशासन होता तो निश्चित ही स्थिति कुछ और होती।

# दुकान में खाद्यान्न कम पाए जाने पर विक्रेता को राशि जमा कराने निर्देश

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ रीता डेहरिया ने बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी करकेली द्वारा 28 जुलाई 2022 को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की मौका जांच ग्राम ताली ग्राम पंचायत अंचला में विक्रेता भूपेंद्र सिंह बघेल की उपसिथति में हितग्राहियों से पूंछताछ की गई हितग्राहियों के कथन लिपिबद्ध किए गए। 1 अगस्त 2022 को ग्राम पंचायत सलैया 5 की शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होने बताया कि जांच में 28 जुलाई 2022 को ग्राम ताली के नरेश बैगा, राकेश लोनी, बालमुकुन्द लोनी, अमरजीत लोनी, मुन्नी बैगा, दादूराम गडारी व बद्री बैगा के कथन लिपिबद्ध किये गये। उनके द्वारा कथन में सही मात्रा में मूंग दाल प्राप्त न होना बताया गया जबकि विक्रेता द्वारा आधार प्रमाणीकरण के आधार पर अंगूठा लगवाकर पूर्ण मात्रा में मूंग दाल की निकासी की गई।

शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया 5 के जांच समय 28 जुलाई 2022 को बंद पाई गई। विक्रेता को सूचना दिये जाने के पश्चात भी दुकान का ताला नहीं खोला गया तथा पी.ओ.एस. मशीन व स्टॉक रजिस्टर 28 जुलाई 2022 को प्रस्तुत नहीं किये गये। 1 अगस्त 2022 को पुनः सलैया 5 की शासकीय उचित मूल्य दुकान में पहुंचकर दुकान की जांच व भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें दुकान में चावल पीएमजेकेएवाय, फोर्टिफाइड चावल पी.ओ.एस. मशीन में 52.87 क्विंटल गेहूं 24.25 क्विंटल, मूंग निरंक पाई गई, जबकि भौतिक सत्यापन में चावल पीएमजेकेएवाय, फोर्टिफाइड चावल 115 बोरी भर्ती 50 किलो या कुल 57.5 क्विंटल, गेहूं 2 बोरी भर्ती 50 कि.ग्रा. , कुल 1 क्विंटल मूंग 1 बोरी भर्ती 50 कि.ग्रा. फुल 0.50 क्विंटल पाया गया। इस प्रकार दुकान में चावल पीएमजेकेएवाय, फोर्टिफाइड चावल 4.63 क्विंटल अधिक, गेंहू 23.25 क्विंटल कम एवं मूंग 0.05 क्विंटल अधिक पाया गया।

विक्रेता भूपेन्द्र सिंह के कथन लिपिबद्ध किये गये। कथन में सामग्री में अंतर की जानकारी यह दी गई कि विगत माहों में गेंहू का वितरण नहीं किये जाने के निर्देश थे लेकिन गेहू में घुन लग रही थी इसलिए चावल के स्थान पर गेहूं का वितरण किया गया है। मूंग का वितरण सहायक द्वारा किया गया है, जिसकी कम मात्रा में प्रदाय की जानकारी प्राप्त होने पर मेरे द्वारा उक्त मात्रा प्रदाय की जायेगी।

जांच में गेंहू 23.25 क्विंटल कम पाया गया जिसका बाजार मूल्य / ईकोनॉमिक कॉस्ट 218764 रू प्रति क्विंटल के मान से राशि 50862 रु है जिसकी वसूली के लिये विक्रेता भूपेन्द्र सिंह बघेल उत्तरदायी है। शिकायत में प्राप्त हितग्राहियों की मौके पर समग्र आई डी की जांच की गई, तथा उन्हें प्राप्त सामग्री की जानकारी ली गई। इसी तरह पी.ओ.एस. मशीन में प्राप्त हुई मूंग का स्टॉक निरंक है जबकि दुकान मी 0.50 क्विंटल मूंग दुकान पर पाई गई जो कि यह प्रदर्शित करता है कि पात्र हितग्राहियों को सही मात्र में मूंग प्रदाय न कर कम मात्र में मूंग दी गई। इस तरह विक्रेता द्वारा उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सर्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 कण्डिका 11 (1), 11(2), 13(2), का उल्लंघन किया गया जोकि इसी आदेश की कण्डिका 16 के तहत दण्डनीय है। प्रकरण पंजीयन किया जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी कर तलब किया गया।संपूर्ण प्रकरण का अवलोकन किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उमरिया द्वारा प्रस्तुत जांच कार्यवाही मय प्रतिवेदन, मौका पंचनामा व प्रकरण में संलग्न उपभोक्ताओं के कथन का मनन किये जाने पर पाया गया कि अधिरोपित आरोप प्रमाणित है। प्रमाणित आरोपो के लिए अनावेदकगण को दण्डित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है ताकि अनावेदक द्वारा भविष्य में खाद्यान्न वितरण के संबंध में शासकीय उचित मूल्य दुकान में त्रुटि की पुर्नवृत्ति न करें। भूपेन्द्र सिंह विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया 5 द्वारा विक्रेता पद पर रहते हुये मूंग वितरण में अनिमियतता की गई । भूपेन्द्र सिंह बघेल विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दूकान सलैया 5 के विरुद्ध जाँच समय दुकान पर कम पाये गये खाद्यान कुल राशि रूपये 50862 रुपये की वासूली भूपेन्द्र सिंह बघेल से भू- राजस्व की भांति की जाकर शासन पक्ष में जमा कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। साथ ही 1500 का अर्थदण्ड आरोपित किया जाता है। अनावेदक साथ ही दोनो उक्त राशि आदेश जारी दिनांक से 10 दिवस के अंदर मध्यप्रदेश शासन के विभागीय शीर्ष में जरिये चालान जमा करते हुए चालान की दो प्रतियां इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

## मंत्री, विधायक, कलेक्टर ने कोदो, कुटकी के बीज किए वितरित

**उमरिया।** प्रदेश शासन के जन जातीय कार्य विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुर्नवास मंत्री डा कुंवर विजय शाह , विधायक बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, वनमण्डला अधिकारी विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कलेक्टर परिसर में 30 बैगा कृषको को चार-चार किलो कोदो एवं 10 बैगा कृषको को कुटकी बीज का वितरित किया। जिन किसानो को बीज वितरित किया गया है, उनमें रामकली पति भल्लू बैगा, सग्गू, रामलाल , बोडा बैगा, डोमारी बैगा, विशाल बैगा आदि शामिल है । जन जातीय कार्य मंत्री ने कहा कि यह उन्नत बीज है तथा इस बीज को सम्हालकर रखना है तथा अगले साल भी बीज बनाकर रखना है तथा अपने उपयोग के लिए अन्य कृषको से बदले में उन्नत बीज देकर उपयोग करने के लिए कोदो प्राप्त करना है। उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि अन्न प्रोत्साहन देने हेतु महासंघ का गठन किया गया है, जिसका नाम श्री अन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादन संगठन है । महासंघ इस वर्ष एफपीओ के माध्यम से कोदो एवं कुटकी का क्रय करेगा। इसके लिए किसानो को इस वर्ष 20 रूपये प्रति किलो की दर से कोदो और 30 रूपये प्रति किलो की दर से कुटकी का भुगतान एफपीओ द्वारा किया जायेगा। राज्य शासन स्तर से ऐसे किसानो को 10 रूपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेंगे।



# पाली पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन अनुसार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पाली पुलिस थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के मार्गदर्शन पर बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नंबर 15 में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि नशे के प्रकार, नशे की बीमारी से मुक्ति व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की विस्तार से जानकारी की। सभी लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होनेवाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गयी।नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। नशा मुक्ति जागरूकता वालंटियर




हिमांशु तिवारी ने नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने बारे लोगों को जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के समापन में उपस्थित लोगों को नशा न करने हेतु शपथ दिलाई गई। जागरूकता अभियान के दौरान थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, आरक्षक यशवंत सिंह, हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, राहुल सिंह, पारस सिंह परिहार, राजा पटेल व समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## दो बेटियों के साथ महिला हुई लापता, थाने में मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत खमरौध गांव में अपने मायके आई 32 वर्षीय महिला अपनी दो बच्चियों क्रमशः 6 एवं 2 वर्ष के साथ रायपुर जाने को घर से निकली और अचानक लापता होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला के पति विनय गुप्ता द्वारा पत्नी व दोनो बच्चियों के पता तलाश किए जाने के बाद न मिलने पर थाने कोतमा में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा महिला व उसकी दोनों बच्चियों की तलाश की जा रही है।

### पड़ोसी ही निकला चोर, 2 आरोपी गिरफ्तार

**चचाई।** जिले के चचाई थाना क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है। जहां पड़ोसी चोर ने सूने मकान में टीवी, फ्रिज गैस सिलेंडर ग्रहस्ती की सामग्री चोरी कर अपने घर में उसका उपयोग करता रहा, और जब 3 माह बाद इस चोरी का पदार्फाश हुआ तो चोर घर के टायलेट में जाकर छिप गया, जिसे जिले की चचाई पुलिस ने टायलेट से गिरफ्तार कर चोरी के लाखो की गृहस्थी का समान जप्त कर कार्यवाही की है। जिले के चचाई थाना क्षेत्र के अमलाई ग्राउंड के पास रहने वाले राम विशाल राठौर के सूने मकान में 30 मार्च को अज्ञात चोरों ने उनके मकान की छत (शीट) तोड़कर घर रखे टीवी, फ्रिज, कूलर, गैस सिलेंडर सहित अन्य ग्रहस्थी के लाखो का सामान लेकर फरार हो गया, जिसकी शिकायत पर चचाई पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पाया कि विशाल के घर में चोरी कोई और नहीं बल्कि उनका पड़ोसी विवेक सिंह व उसका साथी राज बर्मन ने मिलकर चोरी की थी और चोरी की सामग्री पड़ोसी चोर खुद घर में इस्तेमाल कर रहा था। उसने बकायदा पड़ोसी चोरी की टीवी, फ्रिज, कूलर, गैस सिलेंडर उपयोग कर रहा था और जब 3 माह बाद इस चोरी का पदार्फाश हुआ तो चोर पुलिस को देख घर के टायलेट में जाकर छिप गया, जिसे जिले की चचाई पुलिस ने टायलेट से गिरफ्तार कर चोरी के लाखो की गृहस्थी का सामान जप्त कर कार्यवाही की है।



# स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में बेतहाशा हो रही चोरी

**कोतमा।** क्षेत्र में बेतहाशा हो रही चोरी की घटनाओं ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है आए दिन घरों एवं दुकानों के ताले टूट रहे हैं। बीच बाजार खड़ी दो पहिया वाहन की चोरी सहित धार्मिक स्थल मंदिरों में लगातार हुई चोरी ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। चार दिनों के अंदर दो चोरी की घटनाएं घटित हुई। कपड़ा व्यापारी विपुल गोयनका के यहां गोदाम में हुई लाखों की चोरी की जांच अभी चली रही थी कि रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार जो सब्जी खरीदने बाजार आए थे आजाद चौक के समीप किसी अज्ञात जेबकतरे द्वारा उनकी जेब को काटते हुए वीवो कंपनी का कीमती मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। चोरी की शिकायत भाजपा नेता द्वारा थाना कोतमा में दी गई जिसके बाद पुलिस ने आनंन फानन में कुछ संदेहियों को थाने लाकर पूछताछ प्रारंभ कर दी थी। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नगर के व्यापारी एवं आम नागरिक भयभीत हैं। पुलिस के द्वारा अभी तक नगर में हुई एक दर्जन से ज्यादा छोरियों का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है, वही पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहन चोरी एवं नगर के व्यापारी विपुल गोयनका के गोदाम में हुई लाखों की चोरी मामले में मामला भी दर्ज नहीं कर पाई है। पूर्व में नगर के वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ला में 8 जून की रात्रि सीलभद्र जोशी की दो पहिया वाहन चोरी हो गई थी जिसकी शिकायत लिखित में उनके द्वारा खाने में दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस के द्वारा 18 दिन बाद 26 जून को दो पहिया वाहन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही साथ ही लगातार नगर से दो पहिया वाहन चोरी की घटना घटित हो रही है। इसके पूर्वी नगर के वार्ड क्रमांक 7 ज्योति पेट्रोल पंप के पीछे निवास करने वाले शिक्षक सुधीर सक्सेना के सूने घर से दो-तीन मार्च की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ते हुए घर में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग 20 लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया था। इसी तरह नगर के शारदा काली मंदिर में दो बार अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। नगर के बस बस स्टैंड में स्थित गणेश मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर में लगी घंटी एवं लोहे का गेट चोरी कर ले गए। नगर के पंचायती मंदिर के पास अशोक जैन के कपड़ा दुकान में छप्पर तोड़ते हुए अज्ञात चोरों ने दो बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगर के वार्ड क्रमांक 10 में पान दुकान का ताला तोड़ते हुए दुकान में रखें गैस सिलेंडर चूल्हा सहित दुकान का पूरा सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, लेकिन पुलिस के द्वारा आज तक चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हुई। नगर में आए दिन हो रही चोरी की घटना को लेकर नागरिकों में रोज व्याप्त है। व्यापारियों एवं नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस के द्वारा नगर में हो रही चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई तो हम लोग पुलिस अधीक्षक एवं मध्य प्रदेश के मंत्री दिलीप जायसवाल को ज्ञापन देते हुए आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर हो जाएंगे।




# नगर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मचारी गंदगी के बीच रहने को मजबूर

**कोतमा।** एक ओर नगर में सफाई कर्मचारियों के दम पर पूरे नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों की सफाई का जिम्मा है और इन्हीं के भरोसे पूरे नगर में स्वच्छता का दम भरा जा रहा है उन्ही सफाई कर्मचारियों का परिवार गंदगी के बीच रहने को मजबूर है। सड़क का निर्माण नपा प्रशासन के द्वारा नहीं करवाया गया। इस मोहल्ले में मिट्टी की सड़क है उसमें भी जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और उसमें गंदा पानी भरा रहता है। नगर पालिका द्वारा इन बस्तियों में सड़क निर्माण करवाने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों का परिवार कई बार नपा प्रशासन से नाली एवं सड़क निर्माण करवाने की मांग कर चुका है लेकिन आज तक ध्यान नहीं दिया गया जिससे यह लोग नरकीय जीवन जीने को विवश है। सड़क पानी और दूसरी मूलभूत सुविधाओं से दूर इन सफाई कर्मचारियों के आवास के समीप ही गंदगी फैली रहती है। एक ओर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा कुछ निजी भूमि स्वामियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य एक करोड़ 33 लाख की लागत से नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य करवा रही है जबकि उसे जगह पर नाली एवं सड़क की उतनी आवश्यकता नहीं है। जहां पर नाली एवं सड़क की आवश्यकता है नगर पालिका के द्वारा वहां पर कार्य नहीं करवाया जा रहा है जबकि कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां पर नाली एवं सड़क की निविदा भी हो गई है उसके बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है।

### आज भी बदहाली

पूर्व में आवास की समस्या से जूझ रहे सफाई कर्मचारियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। 5 वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी द्वारा इन सफाई कर्मचारियों को एलआईसी के पीछे शासकीय भूमि आवंटित करवाई गई। कुछ लोगों को पीएम आवास का लाभ दिलवाया गया वहीं कुछ लोग अपने से मकान बनाकर रहने लगे लेकिन 5 वर्ष बीतने के बाद भी सफाई कर्मचारियों का परिवार मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है। एलआईसी के पीछे निवास करने वाले सफाई कर्मचारियों का कहना है कि हमारा परिवार जहां पर निवास कर रहा है वहां पर विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया। हमारे बार-बार कहने के बाद भी ना तो नाली और ना ही सड़क का निर्माण करवाया गया जिससे हम लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।




### नहीं ले रहे सुध

वार्ड में निवास करने वाली महिला बुंदिया बिसमोगरे ने बताया कि हर वर्ष बारिश के दौरान यहां समस्या उत्पन्न हो जाती है सड़क और नाली नहीं होने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है जिस जगह के हम कर्मचारी हैं वहां हमारी सुनवाई ही नहीं होती। 30 से 40 परिवार यहां निवास करते हैं किंतु यहां के विकास को लेकर कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है।

### सब कुछ अनियमित

यही हाल सुशीला हरिजन का भी है उसने बताया कि सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन का भुगतान नहीं होता अगर कोई त्यौहार आ जाए तो छुट्टियां भी नहीं मिलती संसाधनों के अभाव में कार्य किया जाता है फिर भी उनके काम की प्रशंसा नहीं होती घर के आसपास ही गंदगी फैली हुई है झाड़ियां उगी हुई है कीचड़ के कारण बच्चे खेल भी नहीं पा रहे है फिर भी यह व्यवस्था दूर नहीं हो पाती है।

### मिलता है आश्वासन

इसी वार्ड में निवास करने वाले रिंकू कुमार ने कहा कि विकास को लेकर सिर्फ आश्वासन ही दिए जाते रहे हैं। चुनाव के ठीक पहले विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव होने के साथ ही इन बादो को भुला दिया जाता है। हमारे पास वार्ड में नाली नहीं होने के कारण निस्तार का पानी कच्ची सड़क में बहता रहता है। दर्जनों बार हमारे द्वारा आवेदन दिया जा चुका है किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। वही जहां सड़क की आवश्यकता नहीं है नगर पालिका के द्वारा वर्तमान में वाहन सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जबकि हमारे मोहल्ले में सड़क एवं नाली की बहुत ही जरूरत है जबकि हम लोग भोर से उठकर प्रतिदिन नगर की साफ सफाई करते हैं लेकिन वर्तमान में हम लोग खुद ही गंदगी एवं कीचड़ के बीच रहने को मजबूर है बारिश का मौसम शुरू हो गया है जिसके कारण मोहल्ले में कीचड़ ही कीचड़ भरा रहता है।

**खबर संक्षेप**

### गृह ग्राम में पदस्थ सचिव को हटाने ग्रामवासियों ने की मांग

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत साखी की प्रभारी सचिव प्रतिमा द्विवेदी को हटाने की मांग ग्राम वासियों द्वारा की गई है उनका मूल पद ग्राम रोजगार सहायक का है लोगों का कहना है कि प्रतिमा द्विवेदी का घर साखी ग्राम पंचायत में है वह अपने निजी गांव होने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ देने में भेदभाव करती यदि प्रधानमंत्री आवास को लेकर के देखा जाए तो कई अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल चुका है जबकि कोदू लाल आज भी पन्नी लगा करके रहता है उसको आवास योजना का लाभ नहीं मिला इसके अलावा खेत तालाब, पशु शेड में भी उनके द्वारा काफी भ्रष्टाचार किया गया ग्राम वासियों ने कलेक्टर से साखी पंचायत से हटाए जाने की मांग की है।

### अनुपयोगी वाहनों की नीलामी आज

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय के अनुपयोगी वाहन एम्बेसडर कार एवं जीप डीआई की नीलामी 28 जून को दोपहर 12 बजे की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित जन 27 जून तक एक हजार रूपये जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत शर्तों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### कलेक्टर आज करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 28 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि वितरण, किसान सम्मान निधि, आवासीय भू अधिकार योजना, राजस्व वसूली तथा ऑडिट आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में अब तक 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में पिछले एक सप्ताह से छुटपुट वर्षा हो रही है। मानसून पूर्व की इस वर्षा से तापमान में गिरावट आई है। वातावरण में नमी बढ़ने के कारण उमस का असर दिखाई दे रहा है। अभी भी जिले को झमाझम बारिश का इंतजार है। अच्छी वर्षा होने के बाद ही फसलों की बोनी का काम शुरू होगा। जिले में 27 जून को 2.4 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन हुजूर तहसील में 16 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि तहसील हुजूर में 52.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ में 15 मिलीमीटर, सिरमौर में 51.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 17 मिलीमीटर, सेमरिया में 50 मिलीमीटर, मनगवां में 23 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 43 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 36.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### संत रविदास स्वरोजगार आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में संत रविदास स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक कि उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवी कक्षा उत्त्रीण हो एवं आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो। उसे जिले का निवासी होना चाहिए एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। आवेदक को स्वरोजगार परियोजनाओं हेतु एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग एवं इसी प्रकृति की अन्य परियोजनाओं में ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा।

# दुकानों में घुसने लगा बारिस का पानी

## नहीं कराया गया नाली निर्माण, 4 जून के बाद होना था नाली निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ काम


नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टैंड में पानी एवं नाली की व्यवस्था नहीं इसके अलावा छाया भी नहीं नगर प्रशासन द्वारा नया बस स्टैंड पौड़ी तिराहे के पास बनाया जा रहा है लेकिन नए बस स्टैंड के बन जाने के बाद दिया अस्थाई रूप से बस स्टैंड चालू रहेगा

ब्यौहारी



क्योंकि यहां से सीधी एवं रीवा के यात्री गाड़ी पकड़ेंगे दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वस से 20 का टैक्स लिया जाता है लेकिन सुविधाएं कुछ नहीं दी जाती बस स्टैंड में पहले गढ़्ढा था अब बोल्डर युक्त मुरूम पाट दिया गया लेकिन अभी तक उसने रोलर नहीं चलवाया गया जिससे बड़े-बड़े बोल्डर होने के कारण यात्री घायल हो जाते इसके अलावा जो मुरूम पाटी गई है उसकी ऊंचाई ज्यादा हो गई जिसके कारण से अब दुकानों में बरसात के समय पानी भी भरेगा इसलिए नगर पालिका को चाहिए कि चारों तरफ नाली बनवाकर उसको मुख्य नाली में जोड़ दिया जाए जिससे बरसात का पानी दुकानों में ना भरे। बस स्टैंड में पानी की व्यवस्था नही बस स्टैंड में कोई सार्वजनिक नल तक नहीं जहां यात्री पानी पी सके और सब दुकान दार भी पानी भर सकें हालांकि नगर परिषद द्वारा गर्मी को देखते हुए प्याऊ की ब्यवस्था कराई गई है लेकिन वह टाइम से टाइम ही अपनी सेवाएं दे पाते हैं नगर पालिका को टैक्स लगाने का अधिकार है और वह टैक्स भी लेकिन साथ में सुविधाओं को भी विकसित करें तभी टैक्स लगाना उचित होगा दुकानदारों में प्रदीप सिंह ,बच्चा हलवाई, अजय हलवाई, विमल हलवाई ,गणेश बर्मन, डब्बू गुप्ता ,प्रदीप सिंह , ने बरसात से पहले रोलर चलवाने एवं नाली बनवाये जाने की मांग की है ।

# एक तरफ सड़कों में बह रहा पानी दूसरी तरफ बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज



### बिछिया मोहल्ले, लछ्मी नारायण मोहल्ले में सड़कों में बह रहा पानी

ब्यौहारी ।

नगर पालिका सीएमओ के उदासीन रवैय्ये के कारण नगर परिषद ब्यौहारी में अंतर्गत गर्मी में जल संकट देखने को मिल रहा है नगर पालिका के कई वार्ड में अभी भी पानी की सप्लाई नहीं लेकिन जहां सप्लाई है वहां पर बिना मतलब के पानी बहाया जा रहा है बेवजह लगातार पानी बहने से सड़के भी खराब हो रही हैबिछिया मोहल्ले में सड़कों में बहता है पानी - नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 14 वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 11 के बीच में बिछिया मोहल्ले में मोती मेडिकल से लेकर मुन्ना आटा चक्की के बीच में कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा जमकर सड़कों में पानी बहाया जाता है उनके पानी बहाने के कारण जब नल आता है तो सड़कों में बरसात जैसे माहौल हो जाता है यह लोग अपने नलों में टोंटियां नहीं लगवाई और पानी आने के बाद लगातार बहता रहता है और सिर्फ कुछ लोगों के कारण मोहल्ले वासी परेशान हैं।बिछिया मोहल्ले की सप्लाई चेनपुरिया महल्ले तक जुड़ी हुई है इसलिए देर तक पानी खोला जाता है इस मोहल्ले के लोगों को चाहिए थी पानी भरने के बद अपने नलों में टोटिया लगा ले जिससे पानी आगे भी फोर्स के साथ जा सके लेकिन पानी भरने के बद पार्टी खोल देते हैं और आगे के मोहल्ले में पानी पर्याप्त नहीं जा पाता वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग एक से ज्यादा कनेक्शन लिए हुए हैं जिससे एक में अपना मोटर लगादेते हैं। और दूसरे कनेक्शन का पानी सड़कों में बहता रहता है कोरियानमोहल्ला नही मिल रहा पर्याप्त पानी -वार्ड नंबर 11 में स्थित कुछ ही दूरी पर बुनकर समाज की बस्ती है जिसको हम कोरियान मोहल्ला के नाम से जानते हैं वहां पर पानी सही तरीके से नहीं खोला जाता पानी का फोर्स काम रहता है जिससे वहां के लोगों को हैंडपंप में पानी भरना पड़ता है इसके लिए मोहल्ले की रहने वाली रेशमा करी ने बताया कि पानी सही ढंग से ना हो खोलने के कारण अभी विवाद भी हो गया था वही अभी कुछ घरों तक पाइप भी नहीं बिछाई गई ऐसे में वह लोग नल कनेक्शन कैसे लें और उन लोगों को मजबूरी में पानी हैंड पंप से भरना पड़ता है भीषण गर्मी में जहां कुछ लोग बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज है और एक बाल्टी पानी के लिए घंटे हैंडपंप में लाइन लगाना पड़ता है और कुछ लोग सड़कों में पानी बहा रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नगर पालिका नहीं जुटा पा रही है जल प्रभारी को कार्रवाई करते हुए उनकी नलों में टोटी लगवाना चाहिए एवं उनका चालान काटना चाहिए लेकिन जल प्रभारी द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है जिससे लोग सड़कों में अंधा धूंध पानी बहा रहे हैं नगर वासियों ने कलेक्टर से गैर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इनका कहना है नगर पालिका द्वारा जब पाइप हमारे मोहल्ले में बिछाई जा रही थी तो ठेकेदार द्वारा हम लोगों के घर तक पाइप नहीं बिछाई जा रही थी इसलिए मैं काम रोक दिया था उस समय नगर परिषद अध्यक्ष शत्रुघ्न पटेल ने कहा था कि काम हो जाने दीजिए एक महीने बाद आपके घर तरफ भी पाइप पहुंचा दी जाएगी लेकिन 2 साल बीत गया अभी तक पाइप नहीं बिछाई गई नगर पालिका हमारे घर तक पाईप बिछवाई जाये।

### साखी गांव में हुई चोरी का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

ब्यौहारी।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर से लगे हुए ग्राम साखी के वैदेही शरण बैंस पिता दशरथ सिंह बैस उम्र 35 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई की 5 जून को मैं अपने बाद पिताजी लल्लेराम बैश्य के खेत में पूजा पाठ होने से निमंत्रण में देवराव गया था मेरी पत्नी घर में अकेली थी रात में 10:00 बजे खाना खाकर सो गई रात में जब 2:00 बजे उठी तो घर की टटिया खुली हुई थी एवं कमरे का दरवाजा खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो अलमारी नहीं थी फोन से अपने पति को जानकारी दी आस-पास खोजबीन करने के बाद टूटी हुई अलमारी शिवराम उर्फ लल्लू बैश के खेत में पड़ी मिली जिसको खोलकर देखा की अलमारी से 7 नग चांदी लोकेट 18 नग चांदी मनचली एक नग मंगलसूत्र कान का झुमका एवं अन्य सामान कुल मिलाकर 50000 का सामान चोरी कर लिया गया रिपोर्ट करने पर पुलिस द्वारा 14/06/2024 को धारा 457 और 380 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया लेकिन चोरी के संदेहियों से अभी तक पूछताछ नहीं की गई मुझे संदेह है कि आसपास के ही लोगों द्वारा चोरी की गई है शिकायतकर्ता वैदेही शरण वैद्य ने पुलिस अधीक्षक से शीघ्र चोरों को पकड़ने की मांग की है क्योंकि यदि चोरों को नहीं पकड़ा गया तो दिनों दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही इसके पहले भी कई चोरियां हुई है जिनका खुलासा पूर्व थाना प्रभारी नहीं कर पाए रिपोर्ट में संदेहियों के नाम भी लिखे गए हैं लेकिन पुलिस ने अब तक उन लोगों से बुलाकर पूछताछ नहीं किये पूर्व चोरियों का भी खुलासा करने की जिम्मेदारी नए थाना प्रभारी की बन रही है फरियादी ने पुलिस अधीक्षक एवं नए थाना प्रभारी से चोरों के चोरों का पता लगाने की मांग की है।

### उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मेघालय सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री हेक ने सौजन्य भेंट की

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से नई दिल्ली में मेघालय सरकार के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, मत्स्य एवं सचिवालय प्रशासन मंत्री श्री अलेक्जेंडर लालू हेक ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने उप- मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से विभिन्न सम सामयिक मुद्दों पर चर्चा की। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से नई दिल्ली में उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेल मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सौजन्य भेंट की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से उन्होंने विभिन्न समसामयिक विषयों पर उन्होंने चर्चा की।



## शहर के अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्यवाही जोरों पर

रीवा।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 27.06.2024 को बिछिया, पुलिस चौकी के पास किशन लाल गुप्ता के द्वारा बिना भवन अनुज्ञा के भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे उपयंत्री श्री मनोज सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी श्री रावेन्द्र शुक्ला द्वारा तत्काल निर्माण कार्य बन्द कराये जाने के साथ ही समझाइस दी गई कि बिना भवन अनुज्ञा के निर्माण कार्य किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही सिरमौर चौराहा से हास्पिटल चौराहा, बिछिया हास्पिटल तक एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव में शामिल उमरिया जिले की शिक्षिका कुसुम पाठक का हुआ सम्मान

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षकों की भूमिका पर हुआ विचार विमर्श

बिरसिंहपुर पाली



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित विचार विमर्श व शिक्षक संदर्भ समूह की जिला समन्वयक कुसुम पाठक सहित सह समन्वयक प्रतिभा कटरे ने इस महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव ने शिक्षकों को एक मंच प्रदान किया जहां वे अपनी चुनौतियों और अनुभव को साझा कर सकते हैं इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शिक्षा राष्ट्रीय नीति 2020 के तहत शिक्षकों की भूमिका को और सशक्त बनाना था प्रतिभागियों ने इस महोत्सव को एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया कार्यक्रम का उद्घाटन मुंबई से पधारी ई सी सी ई विशेषज्ञ डॉक्टर रीता सोनावत ने किया उन्होंने बताया कि शिक्षा के केंद्र में हमेशा बच्चा होना चाहिए और शिक्षक को बच्चों के साथ काम करते समय नए संदर्भों की आवश्यकता होती है डॉक्टर सोनावत ने कहा यदि शिक्षक इस दृष्टिकोण से बच्चों के साथ काम करेंगे तो शिक्षा स्वतः ही रोचक हो जाएगी महोत्सव में इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षकों का विश्वास और उनका कार्य बच्चों की शिक्षा की दुनिया को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एड एट एक्शन के दक्षिण एशिया के पूर्व क्षेत्र निदेशक रवि प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक और शिक्षा को समग्रता में समझना जरूरी है उन्होंने कहा शिक्षक गण जिस विश्वास से काम कर रहे हैं वह बच्चों की शिक्षा की दुनिया को बदलने के लिए काफी है शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक डॉक्टर समन्वयक डॉक्टर दामोदर जैन ने बताया कि इस राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव को डॉक्टर गुलाब चौरसिया और गिजुभाई बधेका के शिक्षा के प्रति उनकी अवदानों को समर्पित किया गया है

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

### बचाव के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**रीवा।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./ सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये।

## नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 किलो गांजा जब्त

**मऊगंज।** जिले के थाना लौर में दिनाँक 25.06.24 की दरम्यानी रात रात्रि गश्त दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्कूटी क्र. MP 17 ZE 7746 का चालक मनगवाँ तरफ से मादक पदार्थ गाँजे की खेप लेकर निकलने वाला है, प्राप्त मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 135 मनगवाँ लौर रोड पर ग्राम सरई सेंगर के पास घेराबँदी की गई, जहाँ पुलिस को देखकर अज्ञात चालक अपनी स्कूटी एवं स्कूटी मे लदी बोरी छोंड़कर अँधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया, अज्ञात आरोपी द्वारा छोड़ी गई स्कूटी की तलाशी लेने पर उसके बीच मे रखी बोरी मे से कुल 10 कि.ग्राम मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी की गई है, जिसके संबंध मे अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

### सिंगरौली ज़िले में एक मात्र सर्किट हाउस जहां कई वर्षों से अधिकारियों क़ब्जा

**सिंगरौली ।** माजन मोड़ नगर निगम के सामने मध्यप्रदेश शासन पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनवाया गया हैं जिसमें रुकने के लिए छः कमरें है सर्किट हाउस में रुकने के लिये मंत्री सांसद या अन्य अधिकारियों को दिया जाता है जिसका संचालन एसडीएम सिंगरौली द्वारा किया जा रहा है मगर अभी एक से दो वर्षों से लगातार श्री मति सविता यादव तहसीलदार,दूसरे रूम अभिषेक यादव नायब तहसीलदार,तीसरे रूम में मान सिंह आर्मो (ASLR),चौथे रूम में सुश्री प्रतीक्षा सिंह नायब तहसीलदार,प्रशांत पाण्डेय सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग इन लोगो द्वारा पाँच रूमों में कब्जा जमाये हुए है अगर ये कही बाहर जाते है तो ताला लॉक करके जाते है क्या ये लोग शासन को पैसा जमा करते है या इन लोगो को आजीवन सर्किट हाउस दे दिया हुआ है बाहर से आने वाले लोगो को काफ़ी कढ़िनाइयो का सामना करना पड़ता है या तो होटलों में रुकना पड़ता है इसकी शिक़ायत एसडीएम सिंगरौली से कई बार कि जा चुकी है मगर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया ज़िला कलेक्टर से माँग है की इनका तत्काल रूम ख़ाली कराया जाये।

## खबर संक्षेप

### जिले में 1.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वषामापी केन्द्र अनूपपुर में 6.4, जैतहरी में 5, अमरकंटक में 2.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषामापी केन्द्र कोतमा, वेंकटनगर, बिजुरी, पुष्पराजगढ़ तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की लेट लतीफी से बढ़ा जनाक्रोश



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के दो भागो को जोड़ने वाले रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कछुए की गति से चल रहा है जिससे जिला मुख्यालय के आधे से अधिक आबादी को बाजार रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कोतवाली, संयुक्त कलेक्ट्रेट जैसे आधा सैकड़े से अधिक कार्यालयों में जाने के लिए पांच किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है वही जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 1 से 8 के नगर वासियों को जिला अस्पताल, एसडीएम कोर्ट और जिला न्यायालय आने के लिए अतिरिक्त पांच किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। दूसरी तरफ रेलवे फाटक में बन रहा ओवर ब्रिज है कि पूरा होने का नाम ही नही ले रहा भारतीय रेल और ब्रिज कापोरेशन द्वारा निमार्णाधीन उक्त ब्रिज के निर्माण में लेट लतीफी से जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भारतीय गणवर्ता पार्टी के कार्यालय मंत्री संदीप गर्ग के द्वारा बताया गया कि भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी के द्वारा रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में हो रहे लेट लतीफी लापरवाही को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु अनूपपुर नगर एवं आसपास ग्रामो के सजग जागरूक नागरिक, व्यापारी, बुद्धिजीवियों, मीडिया साथियों और सभी संजीदा व्यक्तित्व लोगों से अपील की गई है कि शनिवार 29 जून को समय शाम 6 बजे पांडव कालीन सामतपुर मंदिर के तालाब प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें ओवरब्रिज के संबंध में प्रशासन के ध्यानाकर्षण के लिए रणनीति तैयार की जाएगी जिसमे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मतों से अवगत कराएं जिससे रणनीति तैयार की जा सके।

### समाजसेवी व्यवसायी राजकुमार पटेल का निधन

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से लगे पिपरिया निवासी समाजसेवी व्यवसायी राजकुमार पटेल (52) का दुखद निधन हो गया। उन्हे आकस्मिक स्वास्थ्य संबंधी विषय को लेकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हे मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। जहाँ दशा में सुधार ना होता देख अपोलो बिलासपुर और फिर वहाँ से एम्स रायपुर ले जाया गया। जहाँ उन्होंने कल शाम अंतिम सांस ली। आज प्रातः सैकडों लोगों की उपस्थिति में उनके निज ग्राम पिपरिया में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से दुखी मप्र शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, बिसाहूलाल सिंह, जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, पूर्व विधायक रामलाल रौतेल, सुदामा सिंह, मनोज द्विवेदी, राजेन्द्र तिवारी, मनोज शुक्ला, आशीष द्विवेदी, संजीव शुक्ला, अरूण मोर्य, चरण राठौर, रामसलोने पटेल, बहादुर पटेल, दीपक पटेल, पंकज नामदेव, आशुतोष पोमी शुक्ला, राहुल पाण्डेय, हरिशंकर वर्मा, रमेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सत्यनारायण सोनी, जितेन्द्र सिंह, प्रेमनाथ पटेल, राजेन्द्र पटेल, उमेश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, कृष्णानंद द्विवेदी, नरेन्द्र पटेल, जीवेन्द्र सिंह, कमलेश पिन्टू तिवारी, राजेश पटेल, जितेन्द्र सोनी सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक प्रकट किया है।



## यूटीएस से ऑनलाइन टिकट बुकिंग में

# अनूपपुर स्टेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### सभी बुकिंग कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक ने किया सम्मानित

रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूटीएस मोबाइल ऐप का उपयोग कर यात्री बिना किसी परेशानी के टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे बुकिंग कार्यालयों पर भीड़ कम होती है और यात्रियों को बेहतर सेवा मिलती है।



**अनूपपुर।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में हेल्प-डेस्क के माध्यम से टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी निरंतर दी जा रही है, जिससे यात्रीगण इसका सरलतापूर्वक प्रयोग कर इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठा सके। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 27 जून को अनूपपुर से स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य जयंतोदास गुप्ता के नेतृत्व में 16 बुकिंग कर्मचारियों सम्मानित किया गया, वहीं शहडोल से 14 बुकिंग कर्मचारियों शामिल रहे। इसके साथ ही छग के 2 स्टेशनों चांपा व रायगढ़ के बुकिंग स्टाफ को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

### ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में हुई वृद्धि

बिलासपुर मंडल के सभी स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों ने यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट लेने के लाभों को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस प्रयास से यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। साथ ही यात्रियों को भी टिकट बुकिंग की प्रक्रिया में सुविधा और समय की बचत हुई। माह मई में मंडल के अनूपपुर, शहडोल, चांपा व रायगढ़ स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन अनारक्षित टिकट की बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सराहनीय योगदान दिया गया। इस सराहनीय योगदान के लिए गुरूवार को बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने चारो स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों के इस उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए इसी उत्साह के साथ भविष्य में भी कार्य करते रहने की शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अनुपम दत्ता भी उपस्थित रहे।

### अनूपपुर से ये हुये सम्मानित

इस दौरान प्रतीकत्मतक रूप से प्रत्येक स्टेशनों से दो-दो बुकिंग कर्मचारियों को बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय बुलाकर प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अनूपपुर से स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य जयंतोदास गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक नेहा गुर्जर एवं मौमिता मजूमदार ने प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार प्राप्तर किया। अनूपपुर से सम्मानित होने वाले कर्मचारियों मे जयंतोदास गुप्ता स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य, विजय बाबू समुद्र वाणिज्य पर्यवेक्षक, बाबू मुख्य वाणिज्य लिपिकों में सदाशिव पांडे, मनीमधुकर, पी वेंकट राव, ओंकार सिंह ठाकुर, मौमिता मजूमदार, कुमारी नेहा गुर्जर, कृष्णा ताम्रकार अंकित रोहिणी, स्वप्निल कैकडे, शुभम पांडे, अमन सिंह, अजहर नवाज एवं ऋषभ एक्का वाणिज्य लिपिक शामिल हैं।



## ब्रिक्स योजना के तहत बकायादारों से की जाए राजस्व की वसूली

### पीएम सूर्य घर योजना के तहत घर-घर हो सोलर पैनल स्थापना-कलेक्टर

**अनूपपुर।** शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को विभागों से प्रेषित प्रस्तावों के अनुरूप बैंकर्स ऋण प्रकरण तत्परता से सुनिश्चित करें। हितग्राहियों के प्रकरणों के दस्तावेजों में अगर किसी तरह की कमी पाई जाती है, तो संबंधित विभाग या हितग्राही को अवगत कराते हुए कमियों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला अग्रणी प्रबंधक अजीत नम्बियार तथा विभागीय अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में जिला स्तरीय बैंकर्स नोडल को विभागीय लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों का चयन उनकी क्षमता के अनुरूप सुनिश्चित करते हुए लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी हितग्राहियों के चयन में बैंकर्स के मापदण्ड का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में बैंकर्स द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय ऋण राशि के वसूली के संबंध में ध्यानाकर्षण कराए जाने पर कलेक्टर ने ब्रिक्स योजना के तहत ऋण राशि की वसूली के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स योजना के तहत तहसीलदारों को वसूली संबंधी अधिकार प्राप्त है, उन्होंने अभियान के रूप में बैंकर्स की बकाया राशि के वसूली के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बकाया राशि वाले हितग्राहियों के संबंध में आवश्यक जानकारी बैंकर्स तहसीलदारों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में वॉटरशेड परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों के आजीविका संवर्धन संबंधी प्रस्तावों का निराकरण बैंकर्स प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। जिससे स्वसहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के स्वसहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगारमूलक गतिविधि के माध्यम से जोड़ने के लिए लक्ष्य अनुरूप गतिविधियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बैंकर्स को स्वसहायता समूहों के प्रकरणों का परीक्षण कर शत प्रतिशत प्रकरणों में ऋण की उपलब्धता के निर्देश दिए। बैठक में बैंकर्स द्वारा केन्द्र प्रवर्तित पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए सोलर पैनल को लगाने में दिए जाने वाले अनुदान तथा बैंकर्स ऋण के संबंध में अवगत कराया गया तथा बैंकर्स द्वारा विभागीय अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना के प्रकरण तैयार कर प्रेषित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई। जिस पर कलेक्टर ने स्वरोजगारमूलक योजनाओं का संचालन करने वाले विभागीय अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र हितग्राहियों का चयन कर प्रकरण बैंकर्स को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

## जनहित के निर्माण कार्यों में बर्दाश्त नहीं होगी शिथिलता -कलेक्टर

### निर्धारित अवधि में कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश



**अनूपपुर।**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग (भवन), सर्व शिक्षा अभियान, सेतु निगम तथा जनजातीय कार्य विभाग व जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनहित में कार्यों की पूर्णता के लिए अधिकारी मैदानी भ्रमण कर कार्यों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। जिससे जिले के विकास कार्यों का लाभ आमजन को समय पर प्राप्त हो सके। जनहित के कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्माण विभागों के विकास कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कार्यों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए उक्ताशय के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों की पूर्णता अपेक्षाकृत नही होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री के 15 दिवस के वेतन कटौती के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लगभग पूर्णता की स्थिति में आ चुके कार्यों को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री को जनजातीय कार्य विभाग के वर्ष 2018 के निर्माण कार्यों की पूर्णता के लिए आवश्यक आवंटन प्राप्त करने वरिष्ठ कार्यालय को पूर्व में प्रेषित पत्रों का हवाला देते हुए पत्राचार करने के निर्देश दिए। जिससे लंबित कार्य की पूर्णता हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनुबंधित सड़कों को संविदाकार के माध्यम से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 जून तक प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक को बिना अनुमति के अवकाश पर रहने पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में 47 सड़कों में रिन्यूअल का कार्य तथा 15 सड़कों में लघु मरम्मत का कार्य लिए गए हैं। जिस पर कलेक्टर ने जिले की अन्य पीएमजीएसवाई सड़कों का सर्वे कर जिले की सभी मरम्मतयोग्य सड़कों को अनुबंध अनुसार दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एमपीआरडीसी के लांघाटोला से सरई सड़क निर्माण के प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 19 अप्रैल 2024 की समय-सीमा निर्धारित होने के बावजूद भी निर्माण कार्य 25 प्रतिशत होने पर संबंधित संविदाकार के विरूद्ध अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में उन्होंने संबंधित निविदाकार के विरूद्ध वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराए जाने के संबंध में अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में एमपीआरडीसी के किरर घाट मरम्मत निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति परिलक्षित नही होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति समयबद्धता के अनुरूप सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा के पैरामीटर का ध्यान रखने तथा निर्माण के दौरान मार्ग में चलने वाले वाहनों को कार्य स्थल से दूर रोका जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत सीएम राईज एवं अन्य स्कूल भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी कार्य को समय-सीमा में निराकृत करने विभागीय अधिकारी तत्परता दिखाएं। उन्होंने कार्यवार समीक्षा करते हुए जनजातीय कार्य विभाग व लोक निर्माण विभाग (भवन) के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की समय-सीमा सुनिश्चित करते हुए अधिकारियों को कार्यपूर्णता समय पर सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सेतु निगम के लंबित 4 कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक सुनिश्चित करने तथा शेष कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के पिपरिया, दमेहड़ी, झिलमिल, समरार, सिंहपुर, छुलकारी आदि प्रोजेक्ट कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों की प्रगति के संबंध में दिशानिर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के सिंचाई रकबे की वृद्धि के लिए बैराज निर्माण के प्रोजेक्ट हेतु स्थल का चयन कर प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए शासन स्तर से इस संबंध में प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

### एक ही घर को घंटों तक बनाते रहे निशाना, हो रहे नुकसान से नाराज ग्रामीण

## निरंतर 13 दिन जिले में दो हाथियों का ताण्डव जारी



**अनूपपुर।**


जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्र में विगत तेरह दिनों से दो हाथी निरंतर विचरण कर रहे है जो रात भर ग्रामीणों के घरों, खेतों एवं बांड़ी में लगे रखें विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जियों के साथ घरों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे है तथा दिन होते ही आसपास के जंगलों में विश्राम करने चले जाते है। यह प्रक्रिया निरंतर तेरह दिनों से चलने के कारण हाथियों के विचरण से प्रभावित ग्रामों के ग्रामीण रात-रात जागरण कर अपने घर, खेत, बाड़ी, मोहल्ला एवं गांव को हाथियों से बचाने के लिए रात-रात भर जागकर काट रहे हैं वहीं ऐसे ग्रामों के ग्रामीणों के परिवारों के सदस्य जिसमें वृद्ध महिला, पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित रहते हैं। रात-रात भर परेशान रहते हैं जिससे ग्रामीणों में व्यापक पैमाने पर असंतोष बढ़ता जा रहा है वहीं वन विभाग के द्वारा हाथियों की निगरानी पर निरंतर नजर रखते हुए आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों के प्रवेश को रोकने के लिए ग्रामीणों के साथ काम कर रहे हैं।

### मकानों को बनाते रहे निशाना

यह दोनों हाथी विगत तीन दिनों में 8 से 10 किलोमीटर की परिधि में विचरण करते हुए मंगलवार एवं बुधवार के दिन गोबरी के जंगल बढ़ौना खार में तथा गुरुवार की सुबह से अनूपपुर वन परिक्षेत्र तथा थाना क्षेत्र के दुधमनिया बे बीट के कक्ष क्रमांक 357 एवं 358 में विश्राम कर रहा है विगत तीन दिनों के मध्य अनूपपुर एवं जैतहरी थाना क्षेत्र एवं वन परिक्षेत्र के बेलियाकछार, पगना, ठेंगरहा, बांका, केकरपानी आदि ग्रामों में ग्रामीण के घरों में तोड़फोड़ कर फलो, सब्जियों को आहार बना रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण पर अनूपपुर कलेक्टर एवं वन मंडलाधिकारी के निर्देश पर बैंगलोर से हाथी विशेषज्ञ रुद्रा आदित्य द्वारा बुधवार की शाम वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोबरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आर 302 जहां से हाथी दिन में विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात को जंगल से निकल कर गोबरी, बांका, केकरपानी, बेलिया फाटक की ओर खाने की तलाश के लिए जाते हैं यहां से हाथियों के ग्रामीण अंचलों में प्रवेश को रोकने के उद्देश्य जूट के बोरे मे मिर्ची डालकर मशाल बना कर, टीने में कन्डे, मिर्ची डालकर मिर्चीयुक्त धुआं किए जाने का प्रयोग किया गया जिससे हाथी कक्ष क्रमांक 302 के स्थान पर बढौनाखार जंगल में दिन में विश्राम करने बाद बुधवार की शाम से चलते हुये देर रात ठेंगरहा गांव में शकुंतला सिंह के कच्चे मकान को दो स्थानों पर तोड़कर अंदर रखे धान खाते हुए निरंतर एक घंटे तक उनके घर को निशाना बनाते रहे। इस बीच जूट की बोरी में मिर्ची डालकर बनाए गए मशाल एवं पटाखा के माध्यम से भगाए जाने पर कुछ दूर जाकर फिर वापस आ जाते रहे। बुधवार की देर शाम वन मंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे के द्वारा अपनी उपस्थिति में बैंगलोर के हाथी विशेषज्ञ रुद्रा आदित्य से बचाव के उपाय का निरीक्षण किया इस दौरान ग्राम पंचायत गोबरी के सरपंच एवं ग्रामीणों ने डीएफओ से हाथियों को जिले के बाहर कराए जाने की चर्चा पर तीन दिनों का समय मांगा है।

## आज आयेंगे कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल

**अनूपपुर।**



मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 27 जून 2024 को शाम 4:10 बजे ट्रेन द्वारा भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2:25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। तत्पश्चात रात्रि 2:35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे। 28 जून 2024 को प्रातः 4 बजे बिजुरी पहुंचेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील कुमार केशरवानी पिता लक्ष्मी नारायण केशरवानी निवासी नियर फिल्टर प्लांट वार्ड नंबर 1 डोला भलमुडी राजनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा टाटा मोटर्स फायनेंस लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 एच 0327 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर टाटा मोटर्स फायनेंस लिमिटेड के नाम से होना है, अत: जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कमलेश्वरी जोगी पिता दीपक कुमार जोगी निवासी ग्राम कोदैली तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 एमएफ 0605 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से होना है, अत: जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।